तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	शैतान सिंह **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353852465024555	
09/03/26	अपीलार्थी शैतान सिंह निवारी प्लॉट नं. 15, गोपाल वाडी, गढ़ गोविन्द, चौपासनी, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 06.01.2026 शैतान सिंह गोगादेव द्वारा प्रकरण सख्या 86/2025 पर तहसीलदार शेरगढ़ द्वारा अन्तर्गत धारा 91 भू. राजस्व अधिनियम 1956 के पारीत आदेश की पालना में ग्राम पंचायत तिंबना के गांव टिम्बड़ी के खसरा संख्या 57/1, 58/1 व 16 पर किये गये अवैध कब्जे को संपूर्ण रूप से हटवाने तथा दिनांक 10.11.2025 को इस संबंध में गलत रिर्पोट पेश करने वाले हल्का पटवारी दिलीप सिंह के खिलाफ गलत रिर्पोट पेश करने के आरोप में कानूनी कार्यवाही करवाने और पटवारी की इस संबंध में भूमिका की किसी निष्पक्ष राजस्व अधिकारी से शिकायतकर्ता की मौजूदगी में मौके की जांच करवाने बावत लिखे पत्र पर जिला कलक्टर, जोधपुर द्वारा की गई संपूर्ण कार्यवाही की संपूर्ण पत्रावली की प्रमाणित प्रतिलिपि से संबंधित दस्तावेज के संबंध में सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपरिथत एवं अपीलार्थी अनुपस्थित । रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने अपने पत्रांक 262 दिनांक 18.02.2026 द्वारा प्राप्त तथ्यात्मक रिपोर्ट अनुसार आवेदक द्वार वांछित सूचना कार्यालय के पत्र दिनांक 03.02.2026 द्वारा प्रेषित की जा चुकी है। अतः लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) से प्राप्त उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट अनुसार अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.03.0? ?3:22:53 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 20925338